आदेश तारीख	आदेश का विवरण मय अधिकारी के लघु हस्ताक्षर	आदेश की पालना में की गई कार्यवाही
12-05-2026	पत्रावली प्रस्तुत हुई । वकील उभयपक्षकारान द्वारा प्रार्थना पत्र पर बहस की गई। प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। पत्रावली अवलोकन से स्पष्ट हैं कि राजस्व रिकार्ड जंमाबदी के अनुसार प्रार्थी की भूमि संयुक्त खाता में हैं प्रार्थी ने अपने संयुक्त खाता से अपना हिस्सा अनुसार बंटवारा राजस्व रिकार्ड में कर अपने हिस्सा को पृथक से नहीं करवाया हैं ऐसी स्थिति में अगर माननीय अदालत उक्त प्रकरण का निस्तारण करती हैं तो भी भविष्य में प्रार्थी के मध्य अपने संयुक्त खाते का पृथक विभाजन किए बिना उनमें उक्त रास्ते के सबन्ध में विवाद का अंतिम निपटारा नहीं होगा। न्यायालय को विनम्र मत में प्रार्थी के मध्य उनके हिस्से का पृथक–पृथक विभाजन होकर उनका पृथक–पृथक हिस्सा विनिश्चित होने के उपरांत ही उक्त रास्ता संबंधी विवाद का अंतिम एवं पूर्ण न्यायनिर्णय होना संभव है अतः इस अवस्था से प्रार्थी को अनुतोष दिया जाना संभव प्रतीत नहीं होने के कारण प्रार्थना पत्र प्रार्थी इस अवस्था पर उक्त विवेचन के आधार पर निरस्त किया जाता है प्रार्थी खाता विभाजन के बाद रास्ते के संबंध कार्यवाही करने हेतु स्वतन्त्र रहेगे। पत्रावली फैसलाशुमार होकर दाखिल दफ्तर हो व दर्ज नम्बर से कम हो। सुरेश राव उपखण्ड अधिकारी अनूपगढ़	

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Kumar Rao
Date: 2026.05.20 18:19:00 IST
Reason: SelfAttested